# राज्य स्तरीय आकलन 2018–19
## कक्षा–06
## विषय – सामाजिक विज्ञान
## (आदर्श उत्तर)

समय – 02:30 घंटे                                                    पूर्णांक – 100

---

निर्देश :– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

उत्तर 1. (अ)                                    (2 × 5 = 10 अंक)

(i) मौसिनराम

(ii) घास, झाड़ी, लता, वृक्ष

(iii) सबसे पुरानी पर्वत् श्रृंखला है

(iv) दीवारों पर बनाये गये चित्रों को

(v) पैदल चलने वालों के लिए

उत्तर 1. (ब)                                    (2 × 5 = 10 अंक)

| | | |
|---|---|---|
| I. | ट्रांस जेण्डर | – मतदान का अधिकार |
| II. | कुषाण वंश | – फाह्यान |
| III. | पल्लव राजा | – महाबलिपुरम का रथ मंदिर |
| IV. | सह्याद्रि | – पश्चिमी घाट |
| V. | बैंक | – आवास ऋण |

उत्तर 2. किसी स्थान की जलवायु उसकी स्थिति, ऊँचाई, समुद्र से दूरी तथा उच्चावच पर निर्भर करती है। इसलिए हमें भारत की जलवायु में क्षेत्रीय विविधता का अनुभव होता है। राजस्थान का मरूस्थल गर्मस्थान है। जम्मू–काश्मीर में डास एवं कारगिल में ठंड पड़ती है। तटीय क्षेत्र मुम्बई की जलवायु मध्यम है।

उत्तर 3.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अशोक चक्र | यह सारनाथ स्तंभ से लिया गया है |
| 2. | शिलालेख | पत्थरों में लिखी लेख को शिलालेख कहते हैं। |
| 3. | कलिंग युद्ध | कलिंग युद्ध जीत कर भी सम्राट अशोक दुखी रहा। |
| 4. | चाणक्य | बुद्धिमान पंडित थे जिनकी मदद से चंद्रगुप्त ने घनानंद को हराया। |

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर भी अंक दिये जाऐं।)

उत्तर 4.

| क्र. | बिन्दु | पहाड़ी | मैदानी |
|---|---|---|---|
| 1 | स्थलाकृति | असमतल भूमि एवं तीव्र ढाल | समतल भूमि एवं मंद ढाल |
| 2 | व्यवसाय | वन आधारित | खेती |
| 3 | जीवन–यापन | कठिन | सरल |
| 4 | जनसंख्या | कम | अधिक |

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर भी अंक दिये जाऐं।)

उत्तर 5. निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 पूरे देश में 1 अप्रेल 2010 से लागू किया गया। यह अधिनियम बच्चों को बेहतर शिक्षा पाने के अधिकार को सुनिश्चित करता है। बच्चों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करते हुए कहा गया है कि 14 वर्ष आयु तक के लड़का या लड़की को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर भी अंक दिये जाऐं।)

उत्तर 6. (1) पानी में हम कूड़ा–करकट न डालें।

(2) कारखानों से निकले गंदे पानी को ना बहाएँ।

(3) आसपास गंदगी न फैलाए।

(4) मवेशिओं को पानी के अंदर ले जाकर न धोयें।


(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर भी अंक दिये जाऐं।)

उत्तर 7 हमारे राज्य में साल, सागौन, पीपल, नीम एवं शीशम के वृक्ष है। ये पेंड़ कम घने होते हैं। और वर्ष के एक निश्चित समय में अपनी पत्तियाँ गिराते हैं। इन्हें मानसूनी वन कहते है।

उत्तर 8. **अशोक ने धर्म नीति बनाई उसे ही 'धम्म' कहा गया।**

1. अशोक के धम्म में कोई देवी–देवता नहीं थे।
2. उसमें कोई व्रत, उपवास या यज्ञ करने की बात नहीं थी।
3. धम्म का पालन करने के लिए पूजा आदि की बात भी नहीं कही गई थी।
4. अशोक जब लोगों को झूठ बोलते, गलत आचरण करते, मूक प्राणियों के प्रति हिंसा करते और धर्म के नाम पर आपस में संघर्ष करते देवता तो उसे बहुत दुख होता।
5. इसे रोकने के लिए उन्होंने धर्म महामात्र नामक अधिकारी रखे जो गाँव–गाँव, नगर–नगर के दौर कर प्रजा को सही व्यवहार की बातें बताते थे।

उत्तर 9.



रूकिए



दाएँ मोड़



बाएँ मोड़



हेयर पिंन मोड दाएँ



आगे रास्ता बंद है।



हेयर पिंन मोड बाएँ

उत्तर 10. (1) हमे इनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए।

(2) ये प्यार, अपना पन और सम्मान पाने के हकदार हैं।

(3) इनके साथ भी हमारा व्यवहार इतना अच्छा होना चाहिए जैसे हम दूसरों के साथ करते हैं और अपने लिए चाहते है।

(4) माता–पिता या परिवार के सदस्यों द्वारा भी इनके साथ सम्मान का व्यवहार किया जाना चाहिए।

(5) समाज द्वारा उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए।

(6) इनके सुख:दुख में सहयोग करना चाहिए।

(7) इनको शिक्षा पाने में सहयोग करना चाहिए।

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर भी अंक दिये जाऐं।)

**उत्तर 11.** गांधार में मूर्तिकला का काफी विकास हुआ। गांधार भारत के उत्तर–पश्चिम में है। यह हिस्सा यूनानी व कुषाण साम्राज्य में था। इस कारण यहाँ भारतीय और यूनानी कला का मेल–मिलाप हुआ। गांधार में बनी मूर्तियों में यूनानी मूर्ति कला का प्रभाव दिखता है। इन मूर्तियों में चुन्नटों की बनावट पर जोर है। लेकिन मथुरा में बनी मूर्तियों में ये प्रभाव नहीं दिखता। मथुरा के कलाकार मूर्तियों के हृष्ट–पुष्ट आकृति पर ज्यादा जोर देते हैं।

उत्तर 12. (1) शिक्षा का अधिकार
(2) खेल व मनोरंजन का अधिकार
(3) समानता का अधिकार
(4) सुरक्षा का अधिकार
(5) क्रुरता से बचाव का अधिकार
(6) अभिव्यक्ति का अधिकार

उत्तर 13.

| क्र. | जीवन बिन्दु | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | हर्ष का शासन काल | ई. 606 से 647 तक |
| 2 | हर्ष की राजधानी | थानेश्वर |
| 3 | साम्राज्य का विस्तार | पंजाब से उड़ीसा तक |
| 4 | शासन नीति | जीते हुए राज्य हर्ष को कर देते थे और युद्ध के समय हर्ष की सहायता करते थे। |
| 5 | हर्ष द्वारा रचित नाट्य | संस्कृत में रत्नावली, नागानंद, प्रियदर्शिका |
| 6 | उसकी दूसरी राजधानी | कन्नौज |
| 7 | हर्ष का दरबारी कवि | विद्वान बाणभट्ठ |
| 8 | हर्ष की मृत्यु | 647 ई. |

उत्तर 14.


1. गुप्त राज्य कई प्रांत या भुक्ति में बँटा था और हरेक प्रांत कई जिलों या विषयों मे बँटा था।

2. इनका प्रशासन वहीं के स्थानीय लोग करते थे राजा केवल कुछ महत्वपूर्ण बातों पर उन्हें आज्ञा देता था।
3. गाँव का प्रशासन गाँव के महत्वपूर्ण लोगों की सभा करती थी।
4. स्थानीय लोगों की भूमिका थी।
5. समाज में खेती का प्रचलन बढ़ा।
6. गाँव सघन होने लगे थे।
7. छोटे–बड़े शहर बन रहे थे।
8. इस काल में भारतीय विज्ञान, कला, और धर्म की प्रगति हुई थी।

(बच्चों द्वारा संबंधित अन्य सही उत्तर लिखे जाने पर भी अंक दिये जाएें।)

उत्तर 15.

1. अरावली पर्वत
2. छत्तीसगढ़
3. कर्क रेखा
4. बंगाल की खाड़ी
5. महानदी


अरावली पर्वत
कर्क रेखा
महानदी
बंगाल
की
खाड़ी